केन्द्रीय विद्यालय सीतापुर प्रथम पाली

कक्षा 11

विषय– हिन्दी

प्रथम अवधि इकाई परीक्षा 2018

अवधि–40 मि0 **पूर्णांक –50**

1–निम्नलिखित अपठित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

मुखिया किसे कहते हैं? मुखिया षब्दमुख से निकला है।जिस प्रकार मुख सभी अंगोंमें श्रेष्ठ है और वह काम करना बंद कर दे,तो षरीर के सभी अंग निक्क्मे हो जायेंगे,उसी प्रकार मुखिया भी एक पूज्य,सदाचारी,श्रेष्ठ सज्जन पुरूष है। मुख के दो कार्य हैं – खाना और बोलना। खाने और बोलने का एक समान द्वार है । मुखिया वही है, जो सोच –विचार के बोलें और किसी का पैसा भी न खाये।बुद्धिमान मनुष्य वह है, जिसका मुख दिल में हो अर्थात जो सोच कर बोले। मूर्ख वह है जिसका दिल मुख में हो अर्थात जो उसके मुख में आये वह कह दे। आप भी अगर यह संकल्प मन में धारण करंगे और अशुभ वचन मुख से नहीं निकालेंगे, सोच समझ कर बोलेंगे, तो आपके पौ बारह हैं।आपसे स्वयं ही शुभ कार्य होते रहेंगे।फिर तो आपका बाल भी बॉका न होगा। जिधर जायेंगे उधर आपका यश होगा।

(क) मुखिया और मुख में क्या समानता है? 1

(ख) सच्चे मुखिया में कौन– कौन से गुण होने चाहिये?
1

(ग) बुद्धिमान और मूर्ख मनुष्य में क्या अंतर है?
1

(घ) सभी अंगों में श्रेष्ठ किसे माना गया है?
1

(ड) हमें क्या संकल्प करना चाहिये?1

2–निम्नलिखित अपठित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 5

आज की दुनिया विचित्र नवीन

प्रकृति पर सर्वत्र है विजयी पुरुष आसीन।

हैं बॅधे नर के करों में वारि,विद्युत, भाप,

हुक्म पर चढता उतरता है पवन का ताप

है नहीं बाकी कहीं व्यवधान,

लॉघ सकता नर,सरित, गिरि सिंधु एक समान।

शीष पर आदेश कर अवधार्य

प्रकृति के सब तत्व करते हैं कार्य।श

(क) कवि ने आज की दुनिया को विचित्र क्यों कहा है?

(ख) कवि ने विजयी पुरुष को प्रकृति पर किस प्रकार आसीन बताया है?

(ग) रेखांकित पंक्ति से कवि का क्या आषय है?

(घ) प्रकृति के तत्व मनुष्य का आदेश क्यो स्वीकार करते हैं?

(ड•) अवधार्य शब्द का अर्थ क्या है?

3– किसी दैनिक समाचारपत्र के संपादक को पत्र लिखकर बिजली की अनियमितता से होने वाली कठिनाइयों के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त कीजिए। 5

4– मेरे स्कूल का पुस्तकालय अथवा स्वच्छ भारत उन्नत भारत विषय पर एक फीचर लिखिये। 5

5–निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए– 5

क– जन संचार किसे कहते हैं?
ख– फीडबैक से क्या तात्पर्य है?
ग– संपादक के क्या कार्य हैं?
घ– डेडलाइन क्या है?
ड– हिंदी में छपने वाली किसी एक वर्तमान मासिक पत्रिका का नाम बताइए।

6–निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 10

धर्म की इसबुद्धिहीन दृढता और देव दुर्लभ त्याग पर मन बहुत झुंझलाया।अब दानों शक्तियों में संग्राम हवनम लगा।***धन ने उछल उछल कर आक्रमण करने शुरू किये।***एक से पॉच पॉच से दस दस से पंद्रह और पंद्रह से बीस हजार तक नौबत पहुॅची किंतु धर्म की अलौकिक वीरता के साथ इस बहु संख्यक सेना के सम्मुख अकेला र्चत की भॉति अटल अविचलित खडा था ।

क–यह अनुच्छेद किस प्रसंग में है?

ख–रेखांकित पंक्ति का तात्पर्य लिखो।

ग– अनुच्छेद में मुंशी वंशीधर की कौन सी विशेषता प्रकट होती है?

घ–अलोपीदीन को अपनी किस शक्ति का भरोसा था?

ङ–लेखक एवं पाठ का नाम लिखो।

7–निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 8

हम तौ एक एक करि जानां।
दोइ कहै तिन्हीं को दोजग जिन नाहिंन पहिचानां।
एकै ही पवन एक पानीं एकै जोति समांनां।
एकै खाक गढै सब भाडें एकै कोंहरा सानां
जैसे बाढी काष्ठ ही काटै अगिनि काटै कोई।
सब घटि अंतरि तूँही व्यापक धरै सरूपै सोई।

क– ईश्वर के संबंध में कबीर की विचारधारा बताओ।

ख–किन किन उदाहरणों के द्वारा कबीर ने अपनी विचारधारा को पुष्ट किया है?

ग–कबीर की भाषा संबंधी विशेषताएं लिखो।

घ–पद में निहित अलंकारों कों स्पष्ट करो।

8–निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

क–संगीत के क्षेत्र को लता का क्या योगदान रहा है? 3

ख–चित्रपट संगीत ने लोंगो के कान बिगाढ दिये हैं इस संदर्भ में कुमार गंधर्व की क्या राय है? 4